# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 14 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज हुए 63 हजार से अधिक सैम्पलों की जांच पॉजिटिविटी दर 12 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर पिछले एक सप्ताह से लगातार घट रही है। आज 14 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 12 प्रतिशत है। 14 मई को प्रदेश भर में हुए 63 हजार 094 सैंपलों की जांच में से 7594 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## राज्य शासन ने ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) पर जारी की एडवाइजरी

- राज्य के विभिन्न अस्पतालों में ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) प्रकरणों से ग्रसित मरीज के प्रकरण आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु राज्य के तकनीकी समिति के विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित स्टैन्डर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को जारी किया है। राज्य में ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) का इलाज सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में किया जाएगा।

### ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) की सामान्य जानकारी व उससे बचने के उपाय

- ब्लैक फंगस (म्युकरमाइकोसिस) एक फंगल संक्रमण है। यह उन लोगों को ज्यादा प्रभावित करता है जो दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित है और दवाईयां ले रहे हैं। इससे उनकी प्रतिरोधात्मक क्षमता प्रभावित होती है। यदि व्यक्ति के शरीर में यह फंगस सूक्ष्म रूप में शरीर के अन्दर चला जाता है तो उसके साइनस या फेफड़े प्रभावित होंगे जिससे गम्भीर बीमारी हो सकती है। यदि इस बीमारी का इलाज समय पर नहीं किया गया तो यह घातक हो सकती है।

  - **यह बीमारी किसे हो सकती है –** यह बीमारी कोविड–19 मरीजों में जो डायबीटिक मरीज हैं या अनियंत्रित डायबीटिज वाले व्यक्ति को, स्टेरोईड दवाईयां ले रहे व्यक्ति को या आई.सी.यू. में अधिक समय तक भर्ती रहने से यह बीमारी हो सकती है। यदि निम्नानुसार लक्षण दिखे तो चिकित्सक से तुरंत सम्पर्क करना चाहिए।

- **बीमारी के लक्षण** – आंख/नाक में दर्द और आंख के चारों ओर लालिमा, नाक का बंद होना, नाक से काला या लाल तरल द्रव्य निकलना, जबड़े की हड्डी में दर्द होना, चेहरे में एक तरफ सूजन होना, नाक/तालु काले रंग का होना, दांत में दर्द, दांतों का ढ़िला होना, धुंधला दिखाई देना, शरीर में दर्द होना, त्वचा में चकते आना, छाती में दर्द, बुखार आना, सांस की तकलीफ होना, खून की उल्टी, मानसिक स्थिति में परिवर्तन आना।
- **कैसे बचा जा सकता है** – धूल भरे स्थानों में मास्क पहनकर, शरीर को पूरे वस्त्रों से ढंक कर, बागवानी करते समय हाथों में दस्ताने पहन कर और व्यक्तिगत साफ-सफाई रख कर।

## इमरर्जेंसी केयर टेक्निशियन (ECT) पाठ्यक्रम 15 जून से मेडिकल कॉलेजों में शुरू होगा

- कोविड महामारी के दौरान इमरर्जेंसी केयर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में इमरर्जेंसी केयर टेक्निशियन का 01 वर्षीय सर्टिफिकेट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, इस वर्ष 15 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। इस सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 12वीं परीक्षा फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कोर्स में प्रवेश प्रावीण्य सूची के आधार पर दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यार्थी 20 मई से आवेदन कर सकते हैं, आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। प्रावीण्य सूची जारी करने की तिथि 05 जून 2021 है व प्रावीण्यतानुसार आबंटन 7 जून 2021 को किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया 10 से 13 जून 2021 के बीच होगी. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की तिथि 15 जून 2021 निर्धारित की गई है। प्रदेश के 06 शासकीय मेडिकल चिकित्सा महाविद्यालय - रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, रायगढ़, राजनांदगांव व अम्बिकापुर में यह पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालयों की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## 18 से 44 आयु वर्ग का टीकाकरण

## आज दिनांक 14 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 3,99,262 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है।

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 654 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 28,746 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 3335, बीपीएल के 16031, एपीएल के 3572, फ्रंटलाइन वर्कर के 5808 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 7594 |
| | | कुल | 899925 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 872 |
| | | कुल* | 138367 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 9572 |
| | | कुल* | 634133 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 10444 |
| | | कुल | 772500 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 115964 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 172 | कोविड–19 | 80 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 92 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 63,094**

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

## छतीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 14-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 273 | 93646 | 41 | 12870 | 311 | 75025 | 87895 | 4090 | 9 | 1661 |
| 2 | राजनांदगांव | 141 | 54158 | 40 | 11658 | 575 | 38103 | 49761 | 3940 | 8 | 457 |
| 3 | बालोद | 228 | 24748 | 101 | 7473 | 361 | 13830 | 21303 | 3128 | 8 | 317 |
| 4 | बेमेतरा | 113 | 18741 | 13 | 3072 | 145 | 13459 | 16531 | 2005 | 5 | 205 |
| 5 | कबीरधाम | 189 | 21207 | 3 | 2043 | 348 | 15249 | 17292 | 3691 | 0 | 224 |
| 6 | रायपुर | 358 | 152224 | 64 | 26758 | 452 | 113974 | 140732 | 8546 | 29 | 2946 |
| 7 | धमतरी | 180 | 24133 | 33 | 2031 | 51 | 18131 | 20162 | 3507 | 1 | 464 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 532 | 37941 | 80 | 7572 | 150 | 24111 | 31683 | 5890 | 9 | 368 |
| 9 | महासमुंद | 240 | 28352 | 40 | 3409 | 451 | 20514 | 23923 | 4129 | 6 | 300 |
| 10 | गरियाबंद | 174 | 17809 | 32 | 3219 | 0 | 12180 | 15399 | 2243 | 3 | 167 |
| 11 | बिलासपुर | 324 | 62170 | 24 | 5667 | 255 | 48552 | 54219 | 6904 | 24 | 1047 |
| 12 | रायगढ़ | 571 | 55642 | 91 | 10147 | 625 | 34319 | 44466 | 10444 | 10 | 732 |
| 13 | कोरबा | 483 | 49823 | 3 | 3859 | 827 | 37883 | 41742 | 7602 | 10 | 479 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 623 | 50711 | 47 | 6877 | 973 | 33945 | 40822 | 9275 | 15 | 614 |
| 15 | मुंगेली | 280 | 21132 | 9 | 772 | 577 | 14803 | 15575 | 5435 | 6 | 122 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 206 | 9916 | 10 | 534 | 128 | 6274 | 6808 | 3023 | 6 | 85 |
| 17 | सरगुजा | 496 | 27156 | 6 | 2938 | 166 | 19333 | 22271 | 4684 | 4 | 201 |
| 18 | कोरिया | 278 | 20491 | 3 | 1319 | 549 | 14061 | 15380 | 4990 | 3 | 121 |
| 19 | सूरजपुर | 518 | 22399 | 4 | 1683 | 591 | 15541 | 17224 | 5045 | 2 | 130 |
| 20 | बलरामपुर | 410 | 15009 | 3 | 1286 | 516 | 10026 | 11312 | 3611 | 2 | 86 |
| 21 | जशपुर | 335 | 21162 | 29 | 3460 | 535 | 12812 | 16272 | 4742 | 9 | 148 |
| 22 | बस्तर | 170 | 16598 | 71 | 3729 | 117 | 10987 | 14716 | 1739 | 0 | 143 |
| 23 | कोंडागांव | 98 | 10887 | 5 | 1434 | 176 | 7836 | 9270 | 1532 | 0 | 85 |
| 24 | दंतेवाड़ा | 61 | 8659 | 36 | 3709 | 63 | 4364 | 8073 | 567 | 0 | 19 |
| 25 | सुकमा | 31 | 5251 | 31 | 2822 | 3 | 2074 | 4896 | 341 | 0 | 14 |
| 26 | कांकेर | 174 | 21048 | 23 | 2746 | 623 | 14143 | 16889 | 3974 | 3 | 185 |
| 27 | नारायणपुर | 36 | 2961 | 30 | 1975 | 4 | 538 | 2513 | 438 | 0 | 10 |
| 28 | बीजापुर | 65 | 5283 | 0 | 2772 | 0 | 2066 | 4838 | 416 | 0 | 29 |
| 0 | अन्य राज्य | 7 | 668 | 0 | 533 | 0 | 0 | 533 | 33 | 0 | 102 |
| | महायोग | 7594 | 899925 | 872 | 138367 | 9572 | 634133 | 772500 | 115964 | 172 | 11461 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

